Government of Canada / Gouvernement du Canada

सावधान रहें और घोषित (डिक्लेयर) करें!

केनेडा की सुरक्षा में अपनी भूमिका अदा करें।
सभी खाद्य पदार्थ, पौधे, जानवर और संबंधित पदार्थ घोषित करें

Canada

अपने खाद्य पदार्थ, पौधों और जानवरों की रक्षा कर रहे हैं

केनेडा के लिये क्या क्या खतरे हैं?

अन्य देश से आने वाले खाद्य पदार्थ, पौधे, जानवर और संबंधित पदार्थ केनेडा में बीमारियां, घातक रोग और वायरस ला सकते हैं। ये सब केनेडा के जानवरों, पौधों और प्राकृतिक आवास को खतरे में डाल सकते हैं।

जिन चीजों को आप सोचते हैं कि जोखिम-रहित हैं (जैसे कि लकड़ी की नक्काशी या फल) अपने साथ कीड़े मकोड़े ला सकते हैं जो केनेडा के जंगलों और कृषि को काफी नुकसान पहुँचा सकते हैं।

मांस और जानवरों के अन्य पदार्थ एवियन इन्फ्लुऐन्ज़ा ("बर्ड फ्लू") या जानवरों की अन्य बीमारियां फैला सकते हैं जो कृषि, खाद्य सुरक्षा और मानव स्वास्थ्य को भी प्रभावित कर सकते हैं।

इन खतरों के कारण, आप के द्वारा केनेडा में लाए जा सकने वाले पदार्थों पर प्रतिबंध है।

आपका काम (भूमिका)

आपके केनेडा छोड़ने से पहले

- इस बात की जानकारी रखें कि जिस देश में आप जाएंगे वहां से कौनसे पदार्थ वापस ला सकते हैं।
- www.BeAware.gc.ca वैबसाइट पर जाकर "BeAware and Declare! (सावधान रहें और घोषित करें)" देखें।
- यदि आप प्रतिबंधित पदार्थ केनेडा में लाना चाहते हैं तो केनेडियन फूड इन्सपैक्शन एजन्सी (CFIA) से आयात परमिट की प्रार्थना करें।

जब आप केनेडा में प्रवेश करें

- सभी खाद्य पदार्थ, पौधे, जानवर और संबंधित पदार्थ घोषित करें। यह कानून है।
- केनेडा बॉर्डर सर्विसैज़ एजन्सी का घोषणा कार्ड भरें। विदेश में यदि आप किसी फार्म में गए थे तो उसके बारे में कार्ड के उचित हिस्सों को भरना ना भूलें।
- विदेश में यदि आप किसी फार्म में गए थे या जंगली पक्षियों के सम्पर्क में आए थे, तो १४ दिनों तक केनेडा के फार्म, अजायबघर या जंगली जीव पार्क में न जाएं। जिन जूते-चप्पलों को पहन कर किसी फार्म में गए थे या जंगली पक्षियों के सम्पर्क में आए थे, उन्हें डिसइन्फैक्ट (कीटाणुनाशन) करें। और अपने कपड़ों को भी अच्छी तरह धोएं और अधिक तापमान पर सुखाएं।

घोषणा करना कानूनी आवश्यकता है

कानून मांग करता है कि केनेडा में प्रवेश के समय आप सभी खाद्य पदार्थ, पौधे, जानवर और संबंधित पदार्थ घोषित करें।

यदि आप घोषित नहीं करते हैं तो आपके साथ यह हो सकता है

- आपके पदार्थ जब्त हो सकते हैं
- हरेक बिना घोषित पदार्थ के लिये १३०० डालर तक जुर्माना हो सकता है
- मुकदमा हो सकता है

केनेडा विशेष रूप से प्रशिक्षित जासूसी (डिटैक्टिव) कुत्ते काम में लाता है और यात्रियों द्वारा देश के अंदर लाए जाने वाले विशेष पदार्थों का पता लगाने के लिये अन्य उपकरण भी काम में लाता है।

कुछ हवाई-अड्डों में ऐसे बिन्स उपलब्ध हैं जहां आप केनेडियन बॉर्डर सर्विसैज़ एजन्सी के सामने जाने से पहले बिना जुर्माना प्रतिबंधित पदार्थ फेंक सकते हैं।

केनेडा में आप क्या पदार्थ ला सकते हैं?

यह आपकी जिम्मेदारी है कि यात्रा से पहले आप नवीनतम वर्तमान प्रतिबंधों के बारे में पता लगाएं।

खाद्य पदार्थ, पौधे, जानवर या संबंधित पदार्थ जो आप केनेडा में लाना चाहते हैं, उन पर प्रतिबंधों की जानकारी के लिए www.BeAware.gc.ca देखें या बॉर्डर इन्फर्मेशन सर्विस (BIS) लाइन से सम्पर्क करें :

- केनेडा के अंदर BIS से १-८००-४६१-९९९९ (टी टी वाय १-८६६-३३५-३२३७) पर फोन द्वारा मुफ्त सम्पर्क कर सकते हैं।
- केनेडा के बाहर, २०४-९८३-३५०० या ५०६-६३६-५०६४ पर फोन करें (लॉंग डिस्टैन्स कीमत लागु होगी)।

प्रतिबंधित पदार्थ जो आपके साथ हो सकते हैं उनके उदाहरण हैं :

मांस, और मांस के पदार्थ

क्रीम, दूध, पनीर (चीज़) और अन्य दुग्ध पदार्थ

पौधे, पेड़ और कटे फूल

लकड़ी और लकड़ी की वस्तुएं

फल और सब्जियां

जानवरों के पदार्थ

पालतु जानवर, पक्षी और अन्य जीवित जानवर

खुली मिट्टी के साथ वाले सभी पदार्थ

Cat. No.: A104-34/2011EHi-PDF ISBN 978-1-100-52992-9 P0639EHi-08/11 Printed in Canada